प्रति,

सम्पादक

....

जिला – कटनी (म.प्र.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

// स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु संकाय/विषय का बंधन समाप्त //

कटनी, दिनांक 26.04.2026

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सत्र 2026-27 से स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए एक नई व्यवस्था लागू की गई है।

इस नई व्यवस्था के अनुसार अब कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी किसी भी संकाय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकता है। उदाहरणस्वरूप, यदि कोई विद्यार्थी कक्षा 12वीं कला संकाय से उत्तीर्ण है, तो वह स्नातक स्तर पर कला के साथ-साथ विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में भी प्रवेश लेने के लिए पात्र होगा। इसी प्रकार विज्ञान एवं वाणिाज्य संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी भी किसी भी संकाय में प्रवेश ले सकेगा।

हालांकि, यदि विद्यार्थी अपने 12वीं के संकाय से भिन्न संकाय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे जिले के अग्रणी महाविद्यालय, **प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी** में दिनांक 27 **अप्रैल** 2026 से 14 मई 2026 तक प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे के मध्य आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू में सम्मिलित होना होगा। इंटरव्य में सफल अभ्यर्थियों को उसी दिन पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसे ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

इसी प्रकार, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में भी यदि कोई विद्यार्थी अपने स्नातक के मेजर या माइनर विषय के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में प्रवेश लेना चाहता है, तो वह उपरोक्त प्रक्रिया के तहत वॉक-इन इंटरव्यू में सम्मिलित होकर पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है।

(प्रो. सुनील कुमार बाजपेई)
प्राचार्य
शासकीय तिलक स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, कटनी